13- MAY- BSP- PG-1_Layout 1 5/14/2024 1:33 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 39.4 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 14 मई 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया



सिम्स में सोमवार को बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने पहुंचे। इस दौरान पर्ची कटवाने के लिए लंबी कतार लगी रही।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183

## मुकदमों में हाईकोर्ट का पक्ष रखेंगे 4 अधिवक्ता

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में हाईकोर्ट का पक्ष रखने के लिए चार अधिवक्ताओं को नियुक्त किया गया है। रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा ने चीफ जस्टिस के निर्देशानुसार हाईकोर्ट में प्रस्तुत होने वाले मामलों में हाईकोर्ट की ओर से पैरवी करने के लिए यहां चार अधिवक्ताओं को पैनल में सम्मिलित लिया है। जो अधिवक्ता हाईकोर्ट का पक्ष प्रस्तुत करेंगे उनमें चंद्रेश श्रीवास्तव, धीरज कुमार वानखेड़े, राहुल तामस्कर और आशीष तिवारी के नाम शामिल हैं।

# प्रवासी पक्षियों का भरोसा जीत रहा है जीजीयू का समृद्धि सरोवर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर



शिकारियों की करतूत, अचानक खामोश हो गई सबको आवाज करने वाली आवाज

बिलासपुर। बेहद खूबसूरत और माइग्रेटेड पक्षियों के लिए जीजीयू समृद्धि सरोवर वरदान साबित हो रहा है। 45 डिग्री तापमान में भी यहां रोजाना पक्षियों की चहचहाहट सुनाई देती है। तालाब पूरी तरह से प्राकृतिक है और विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा इसे संरक्षित भी कराया गया है। गुरूघासी दास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में बने समृद्धि सरोवर लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है, यहां की जैव विविधता पर अब विश्वविद्यालय के ही छात्र-छात्रों को शोध के लिए प्रेरणा दे रहा है। करीब 50 एकड़ में फैले इस कैंपस में पक्षियों को सुकून के साथ ही आबोहवा भी मिल रही है, जिसके चलते ना केवल देशी पक्षियों का बसेरा रहता है, वहीं प्रवासी पक्षी भी बड़ी संख्या में यहां विचरण कर रहते हैं। प्रवासी पक्षियों के लिए इसकी उपयोगिता और महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां नवंबर से फरवरी माह के बीच 5 हजार से ज्यादा पक्षी पहुंचते हैं।



### 5 हजार से ज्यादा आते है प्रवासी पक्षी

तालाब को बेहतर बनाने के लिए एक विश्वविद्यालय प्रबंधन ने करोड़ों रूपए खर्च भी किए हैं। वहीं पक्षियों की सुरक्षा के लिए गार्ड भी तैनात है। हाल ही सरंक्षण और संर्वधन के लिए तालाब गहरीकरण किया है। सीजन में यहां 5 हजार से ज्यादा प्रवासी पक्षी आते हैं। इनमें से कई परिदें ऐसे हैं, जो यहां आकर अपना जीवनचक्र भी चलाते हैं। यह स्थान केवल पर्यावरण प्रेमियों और पर्यटकों के लिए ही आकर्षण का केंद्र नहीं बल्कि पर्यावरण, वनस्पति, पक्षियों और जलीय जीवों के साथ-साथ जैव विविधता के विषय में रुचि रखने वालों के लिए भी महत्वपूर्ण स्थल है।

### इन पक्षियों का है घरौंदा

विश्वविद्यालय के समृद्धि सरोवर में रेड चैस्ट फ्लाईकैचर, छोटा जलकाग, यलो नैक गौरैया,भारतीय फ्लाईकैचर, वाइट नैक किंगफिशर, रेड पोचार्ड, रेड अवदावत, नार्थ पिंटेल,ग्रे फ्रेंकोलिन, यूरेशियाई हूपियो, चितकबरा बुशचैट, गैडवाल बूटेड वार्बलर, धान के खेत का पिपिट, कॉपरस्मिथ बार्बेट, सामान्य किंगफिशर, ग्री बे, ब्लैक एडस्टार्ट जैसे पक्षियों का घरौंदा रहता है। पक्षियों की संख्या सुबह और शाम को ज्यादा होती है।

### किया जा रहा है संरक्षण

समृद्धि सरोवर विश्वविद्यालय कैंपस में ही हैं और इसका संरक्षण भी किया जा रहा है। यहां आने वाले पक्षियों पर हमारे स्कॉलर रिसर्च भी कर रहे है। सबसे खास बात यह है कि हर साल यहां हजारों की तादात में पक्षी आते हैं।

- अजय सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर केन्द्रीय विश्वविद्यालय

पक्षियों के शिकार के मामले में जागा विभाग

## मौके पर पहुंचे अधिकारी- कर्मचारी



गनियारी के शिवसागर तालाब से लेकर मोहनभाठा और घोंघा जलाशय तक शिकारी सक्रिय यह हैं। एयरगन के सहारे धड़ल्ले से मूक पक्षियों को मारा जा रहा है, लेकिन वन विभाग और प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। हरिभूमि ने 13 मई को इस संबंध में खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद विभाग हरकत में आ चुका है। वन अधिकारी और कर्मचारी सोमवार को कोपरा जलाशय, शिवसागर तालबा, मोहनभाठा पहुंचेंद्। इस दौरान शिवसागर तालाब में 3 सदस्यों को मृत टिटिहरी मिली, जिसका पीएम कराया गया है। साथ ही जांच के लिए सैंपल भी कलेक्ट किए गए हैं।

### जांच के लिए भेजा गया

कर्मचारियों को जांच के लिए भेजा गया है। जलाशय के आसपास की मिट्टी कलेक्ट की गई है और इसका परीक्षण कर रासायनिक जांच की जाएगी। वहीं पक्षियों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अगर जांच में एयरगन से मारने की बात सामने आती है तो इसके लिए प्रशासन को पत्र लिखकर एयरगन इश्यू करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की जा सकती है। जांच होने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

- **अभिनव कुमार**, एसडीओ, वन विभाग

### एक्सपर्ट व्यू

केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अस्सिटेंट प्रोफेसर अजय सिंह का कहना है कि पक्षियों का मरना जांच का विषय है, लेकिन प्रांरभिक तौर पर यह भी हो सकता है कि प्रवासी पक्षी ठंडे प्रदेशों और देशों से यहां पहुंचते हैं और कई बार यहां कुछ अधिक दिनों के लिए रूक जाते हैं। सहवास का समय होता और आबोहवा उनके लायक होती है तो वे जाना नहीं चाहते हैं। कई बार उनके बीच में आपसी लड़ाई भी हो जाती है, जिससे चोटिल होते हैं। हाल के दिनों में गर्मी बेहिसाब बढ़ गई है, ऐसे में ऐसे पक्षियों का यहां रहना उनके लिए जोखिम भरा होता है, इसलिए भी मौत हो सकती है। हमारी नजर में अभी तक प्रवासी पक्षियों के शिकार की बात सामने नहीं आई है।

सेंदरी में फोरलेन ब्रिज के पास दिन रात खुदाई, अवैध खनन पर लगाम नहीं

# रेत व खनिजों का अवैध परिवहन, 14 वाहन जब्त, 12 मामले दर्ज किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत और खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। टीम ने सरकंडा, मस्तूरी, कोटा, चकरभाठा, कोनी, सेंदरी, लोफंदी, कछार, निरतू, घुटकू आदि में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की इस दौरान सघन जांच की। इसके आधार पर अवैध परिवहन के 12 मामले दर्ज कर 14 वाहन जब्त किए गए हैं। ज्ञात हो कि अरपा नदी में जिस जगह पर सेंदरी में तीन बच्चों की मौत हुई थी, उसी जगह पर एक बार फिर से अधाधुंध रेत की अवैध खुदाई की जा रही है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद इन गड्ढों को पाटा गया था, लेकिन रेत माफियाओं ने इसे फिर से खोखला कर दिया है। पास में फोरलेन ब्रिज है, उसकी पास भी खुदाई की जा रही है। यहां सुबह और रात में खनन हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक रात के अंधेरे में यहां रोजाना 40 से 50 ट्रैक्टर लगते हैं और रेत खुदाई होती है।

अधिकारियों के अनुसार रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन करते पाए जाने पर खनिज रेत सहित 2 ट्रैक्टर कोनी थाना में, 2 ट्रैक्टर कोटा थाना में, 1 ट्रैक्टर सकरी थाना में, 1 ट्रैक्टर सरकंडा थाना में और 3 हाइवा रेत लावर बैरियर में अभिरक्षा में रखा गया है। इसके साथ ही खनिज निम्न श्रेणी चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 2 हाईवा एवं ईंट मिट्टी का 1 माजदा जप्तकर लावर खनिज जांच चौकी में अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह ग्राम बिरकोना मे खनिज मिट्टी एवम् मुरूम के अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर 1 पोकलेन को सील किया गया है तो 2 हाइवा को जब्त कर कोनी थाने में रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक उपरोक्त सभी वाहन मालिकों एवं वाहन चालकों के विरूद्ध अवैध उत्खनन और परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें कुल 12 प्रकरण दर्ज कर 14 वाहनों को जब्त किया गया है। खनिज विभाग के उप संचालक दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में खनिज अधिकारी, सहायक खनिज अधिकारी एवं जिला खनिज अमला कार्रवाई में शामिल थे।

रात के अंधेरे में रोजाना 40 से अधिक ट्रैक्टर लगाकर हो रहा खनन



खनिज के अवैध परिवहन के दौरान जब्त किए गए वाहन।

### रात में प्रतिबंध लेकिन मानता कोई नहीं

अरपा नदी के संरक्षण और संवर्धन को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई हो रही है। बीते दिनों सुनवाई के दौरान जिला प्रशासन ने विस्तृत कार्ययोजना बताते हुए रिपोर्ट सौंपी है। संरक्षण को लेकर सौंपी गई रिपोर्ट और मौके पर कुछ अलग ही नजारा है। मौके पर देखें तो आज भी रेत घाटों में बेतहाशा रेत की खोदाई हो रही है। रेत माफिया नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अलावा पर्यावरण संरक्षण विभाग के निर्देशों और मापदंडों की लगातार धज्जियां उड़ा रहे हैं। रात में रेत की खोदाई पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इसका सख्ती के साथ पालन करने कहा गया है। इसके बाद भी रात में ही सबसे ज्यादा रेत की खोदाई हो रही है और परिवहन भी। मशीन के जरिए खोदाई की मनाही है। पोकलेन सहित अत्याधुनिक मशीनों के जरिए ही खोदाई हो रही है।

### नदी में 10-12 फीट तक गहरे गड्ढे कर दिए



रेत माफिया नदी में अवैध उत्खनन की सारी हदें पार कर चुके हैं। रेत के लिए ऐसी खुदाई हो रही है कि नदी में 10-12 फुट गहरे गड्ढे कर दिए गए हैं। नदी से रेत के साथ चिल्फी पत्थर के अवैध उत्खनन का खेल आज भी जारी है। दरअसल नदी में पानी आते ही बहकर आने वाली रेत यहां भर जाती है। रेत माफिया इसी गड्ढे से जेसीबी और मजदूरों के माध्यम से अवैध उत्खनन कर रहे हैं। पिछले 2 महीने से अवैध उत्खनन के कारण ढाई साल पहले हुई चिल्फी पत्थर की खुदाई से बना गड्ढा फिर से गहरा हो गया। नदी में पानी तो आया गया, लेकिन इसमें रेत नहीं भर पाई। इसी गड्ढे में डूबकर 18 जुलाई 2023 को को सेंदरी में रहने वाली 3 लड़कियों की मौत हो गई। जानकार भी मानते हैं कि अरपा नदी में पिछले कुछ वर्षों से लगातार हो रही खुदाई के कारण अरपा नदी में एक नहीं हजारों बड़े गड्ढे हो गए हैं। नदी में पानी आते ही इन गड्ढों में आसानी से रेत और बहकर आने वाली मिट्टी नहीं भरने के कारण ये तालाब के रूप में बदल जाते हैं जो आसानी से दिखाई नहीं देते।


सरकंडा पुलिस ने धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है

# अपोलो के चार डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रजनी दुबे की अवकाशकालीन बेंच ने अपोलो अस्पताल के चार डाक्टरों के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया पर आगामी आदेश तक रोक लगाई है। ज्ञात हो कि डाक्टरों के खिलाफ सरकंडा पुलिस ने धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में चालान पेश किया है।

गौरतलब है कि दयालबंद निवासी गोल्डी छाबड़ा को 25 दिसम्बर 2016 को पेट में दर्द होने पर अपोलो में भर्ती किया गया था। 26 दिसम्बर को उसकी मौत हो गई। इस मामले में शिकायत के बाद सरकंडा पुलिस ने उपचार में लापरवाही के आरोप में डा. देवेंदर सिंह, डा. राजीव लोचन, डा. सुनील केडिया व डा. मनोज राय के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। इस कार्रवाई के खिलाफ डाक्टरों ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रजनी दुबे की अवकाशकालीन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बेंच को बताया गया कि चार्जशीट पेश हो गई है लेकिन चार्ज फ्रेम नहीं हुआ है। इस पर कोर्ट ने न्यायालय के आगे की कार्रवाई में रोक लगाते हुए प्रतिवादी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।







# सुबह धूप, शाम को बदली तापमान 39.4 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार को सुबह से लेकर दिनभर तेज धूप निकली, लेकिन शाम को अचानक मौसम ने करवट बदली और नम हवाएं चलने लगीं। विभाग के अनुसार आसमान में 60 फीसदी बादल छाए रहे। इसकी वजह से दिन का तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.5 डिग्री कम रहा। इसी तरह रात का तापमान भी 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा की औसत गति 3 किलोमीटर प्रति घंटे रही। विभाग का अनुमान है कि आज भी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी



असम तक और पूर्वी मध्य प्रदेश से को-मोरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक कम हवा के दबाव वाली एक पट्टी बनी है। साथ ही पूर्वी झारखंड के ऊपर एक चक्रीय चक्रवात स्थित है। इसकी वजह से मौसम बदला है।

## खबर संक्षेप

### नवाचार को लेकर एयू के कुलपति राफ्टस एंड रिवर्स संस्था प्रमुख से मिले



**बिलासपुर।** केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा नवाचार व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं। देश-विदेश में युवा महत्वकांक्षी छात्र-छात्राएं सफल स्टार्टअप बन रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने लखनऊ प्रवास के दौरान स्टार्टअप ईको सिस्टम स्थापित करने वाले अग्रणी संस्था राफ्टस एंड रिवर्स के दक्षिण एशिया प्रमुख नृपेन भट्ट से भेंट की। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति और राफ्टस एंड रिवर्स संस्था के प्रमुख के बीच यूनिवर्सिटी में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना की प्रगति पर चर्चा हुई, जिसमें नृपेन भट्ट ने बताया कि भारतीय कम्पनीज एक्ट के तहत सेक्शन 8 कंपनी बनाकर इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने का कार्य शीघ्र संपन्न हो जाएगा। इस इन्क्यूबेशन सेंटर के स्थापित हो जाने से यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी से संबंधित सभी कालेजों के सभी छात्र-छात्राओं के बीच उद्यमी संस्कृति का विकास कर उनके द्वारा अधिक से अधिक स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा। इससे इस क्षेत्र में एक नई स्टार्टअप क्रांति आएगी जो कि स्वरोजगार और रोजगार सृजन की सुनामी लेकर आएगी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सीयू पर लगाया मतदान करने से रोकने का आरोप

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी पर मतदान करने से रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने छात्रावास की लड़कियों को मतदान से रोकने चुनाव के ठीक एक दिन पहले जबरिया छुट्टी दे दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यूनिवर्सिटी राजनीति का अखाड़ा बन गया है। अव्यवस्था और कुप्रबंधन के कारण अकादमिक स्तर पर पलीता लग रहा है। दुख कि बात ये कि 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तिथि तय की गई थी। मतदान के ठीक पहले छात्रावास में रहने वाली लड़कियों ने इस बात को लेकर विरोध दर्ज कराई थी कि जिला प्रशासन की देखरेख में यूनिवर्सिटी में हुए स्वीप कार्यक्रम में भाग लेने से रोक दिया गया था। देर रात हंगामा हुआ और फिर मामले की जांच का आश्वासन दिया गया। विवाद को देखते हुए 6 मई को हास्टल खाली करने का फरमान जारी कर दिया। इसके चलते 7 मई को अधिकांश लड़कियां मतदान नहीं कर पाई। छात्राओं ने मतदान करने बात कहीं तो परिजनों को वार्डन ने फोन कर छात्राओं को घर ले जाने का दबाव बनाया। विजय का कहना है कि हम सब इस प्रकार की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस ने फैसला किया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान और राष्ट्र निर्माण में बढ़ने वाले हाथों को रोकने वालों को करारा जवाब देंगे।

# चुनाव:सलूजा फिर बने जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला उद्योग संघ का अनिल सलूजा को पुनः अध्यक्ष घोषित किया गया है। चुनाव अधिकारी हरीश केडिया व विनोद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला उद्योग संघ के नए अध्यक्ष का चुनाव 12 मई को सीएमडी चौक स्थित जिला उद्योग भवन में कराया गया। इसमें जिला उद्योग संघ के सभी सदस्यों की सहमति से नॉमिनेशन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर अनिल सलूजा को पुनः जिला उद्योग संघ का अध्यक्ष घोषित किया गया। जिसे जिला उद्योग संघ के सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित किया एवं तालियों व फूलमालाओं के साथ अनिल सलूजा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग संघ के महासचिव शरद सक्सेना ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष राम सुखीजा ने आय -व्यय का विवरण दिया। जिसे सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री सलूजा ने कहा कि मैं सभी उद्योगपतियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आप सभी ने मुझे सेवा देने का पुनः अवसर दिया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गौरव पूर्व क्षण है कि आज जिला उद्योग संघ की स्थापना का 50 वर्ष पूरा होने जा रहा है। मैं सदैव सभी उद्योगपतियों को साथ लेकर निरंतर संघ के रचनात्मक कार्य के लिए तत्पर रहूंगा।







### जिला उद्योग संघ की पहचान पूरे देश में: केडिया

इस अवसर पर छग लघु जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया ने जिला उद्योग संघ के 50 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी सिलसिलेवार दी। उन्होंने बताया कि जिला उद्योग संघ की पहचान पूरे देश में बहु चर्चित है। उन्होंने अनिल सलूजा को पुनः अध्यक्ष बनने पर कहा कि पहले कार्यकाल के अध्यक्ष के रूप में अनिल सलूजा, महासचिव शरद सक्सेना, कोषाध्यक्ष राम सुखीजा एवं उसकी टीम के द्वारा संघ में सराहनीय कार्य कराया गया। जिसे देखते हुए संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उन्हें पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किया है।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर नॉमिनेशन कमिटी के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष चंद्रकांत भट, बृजमोहन अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुनील मरदा, शरद सक्सेना, उपाध्यक्ष पीएस भाटिया, सतीश शाह, सुभाष अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, सचिव अशोक अग्रवाल, नरेश शिंघनिया, धर्मेंद पटेल, मनीष कश्यप, विष्णु मुरारका, प्रकाश त्रिवेदी, किशोर पटेल, संजय लाल चंदानी, मंजीत सिंह अरोड़ा, नरेश लिखमनिया, हरीश भगवानी, दीपक नामदेव, राहुल छुवानी, पवन नालोलिया, चंद्रहास नायक, जे वक्तेश्वर राव, अमित संतानी, अमित उभरानी, रामचंद्र लालवानी, द्वारिका दास जिवलानी, प्रकाश लालचंद्वानी, शशिकांत केसरी, विष्णु मालधवानी, अमर पमनीनी, प्रवीन पटेल, प्रवीण ठाकुर सहित बड़ी सख्यां में उद्योगपति मौजूद थे।



# रानी शक्ति दादी मंदिर ट्रस्ट के अशोक पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

**बिलासपुर।** श्री रानी शक्ति दादी मंदिर ट्रस्ट का अशोक अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष बनाया गया है। मंदिर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर 12 मई रविवार को बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित सदस्यों में से अध्यक्ष पद के लिए जगदीश केडिया ने अशोक अग्रवाल का नाम प्रस्तावित किया। सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से समर्थन किया और अशोक अग्रवाल ट्रस्ट के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। साथ ही उपस्थित सदस्यों ने उन्हें अपनी समिति के अन्य पदों के लिए स्वयं से निर्वाचित करने की अनुमति प्रदान की। नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा अपनी समिति के अन्य पदों की घोषणा भी की। इसमें उपाध्यक्ष मोतीलाल सुल्तानिया एवं सुभाष अग्रवाल, सचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र खेडिया तथा सहसचिव बिहारी लाल जलान एवं बृजेश अग्रवाल बनाए गए। अध्यक्ष की अनुमति से सदस्यों ने मंदिर में हुए विकास कार्य एवं अन्य कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही 2 सितंबर को श्री दादी के सबसे बड़े पर्व भादी मावस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

# कथक गुरु पद्मश्री रामलाल बरेठ का सम्मान

### कलेक्टर ने किया सम्मानित



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने मंगला स्थित निवास पहुंचकर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कथक गुरू रामलाल बरेठ का अभिनंदन किया। उन्होंने पद्मश्री पुरस्कार से नवाजे जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से नई दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण करने के बाद श्री बरेठ बिलासपुर लौटे हैं। कलेक्टर ने श्री बरेठ से चर्चा कर उनकी कला यात्रा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने श्री बरेठ की मंशा के अनुरूप बिलासपुर में उनके शिष्य कलाकारों के सम्मेलन आयोजित करनेजिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। 88 वर्षीय श्री बरेठ जाने माने कथक नर्तक हैं। वे राजा चक्रधर के दरबार रत्नों में से एक माने जाते हैं। श्री बरेठ ने राजा चक्रधर के सानिध्य में नृत्य की शिक्षा दीक्षा ली। उन्होंने कई कलाकारों को कथक नृत्य विधा से जोड़ा।

### कांग्रेस नेता टाह ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कथक नृत्य के धरोहर पद्मश्री रामलाल बरेठ को उनके निवास जाकर कांग्रेस नेता अनिल टाह व कलाकार रमाकांत सोनी ने शाल श्रीफल से सम्मानित किया है।

श्री बरेठ ने कथक साधना के यादगार पल को साझा किया। उन्होंने चक्रधर समारोह रायगढ़ के संदर्भ में कहा कि इस समारोह की प्रसिद्धि पुनः वापस लाना होगा। यह समारोह सिर्फ स्कूली न हो जाए। श्री टाह ने उनकी चिंता को जायज बताते हुए इस विषय को लेकर प्रशासन को अवगत कराने की बात कही। श्री टाह ने श्री बरेठ को छत्तीसगढ़ की धरोहर बताया। उनको पद्मश्री मिलना रायगढ़ कथक घराने के साथ छत्तीसगढ़ के कलाकारों का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि श्री बरेठ को रायगढ़ कथक घराने को सहेजने और कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

### सत्यापन कार्यों की जांच करने पहुंचे चीफ जस्टिस सिन्हा

# औचित्यहीन लंबित प्रकरणों का निराकरण करने बन रही लिस्ट

**बिलासपुर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर औचित्यहीन लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित करने की प्रणाली विकसित की जानी है, जिससे ऐसे उपरोक्त चिन्हांकित लंबित प्रकरणों की सुनवाई के बाद निराकृत किया जा सके। इस कड़ी में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के निर्देश पर रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों के निराकरण करने लिस्ट बनाई जा रही है। ये सूची ज्यूडिशियल ऑफिसर एवं उच्च न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तैयार की जा रही है।



- ज्यूडिशियल ऑफिसर एवं हाईकोर्ट के अधिकारी बना रहे सूची

हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के प्रथम दिन मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने न्यायालय में लिस्टेड प्रकरणों में सुनवाई करने के बाद ज्यूडिशियल शाखाओं में चल रहे प्रकरणों के सत्यापन कार्य का निरीक्षण किया। कार्य का निरीक्षण करने मुख्य न्यायाधीश प्रत्येक शाखा में गए और सत्यापित किए गए प्रकरणों की जांच की।

उन्होंने रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को निर्देशित किया कि प्रतिदिन शाखाओं में चल रहे सत्यापन कार्य की जांच करें एवं उसकी रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि वे उपरोक्त सत्यापन कार्य का समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहेंगे।

ST. FRANCIS HIGHER SECONDARY SCHOOL
Ameri Road, Bilaspur

The Management and Teachers of St. Francis Higher Secondary School, Ameri Road, Bilaspur, congratulates all the students and their proud parents for securing excellent results in C.B.S.E. Examination 2024.

C.B.S.E. Secondary School Examination 2024
SCHOOL TOPPERS




| NAME | % |
|---|---|
| AASTHA SACHIN PARATE | 94.80 |
| AARNA TIWARI | 94.60 |
| IRTIQA FARHAT KHAN | 94.60 |
| SOUMYA GUPTA | 94.60 |
| SHREYANSHI JHA | 94.00 |
| VANSHIKA MANIKPURI | 94.00 |
| ABEER AGRAWAL | 93.80 |
| AYUSHI VASTRAKAR | 93.80 |
| ATULYA KRISHNA MISHRA | 93.60 |
| UUJAN KUNDU | 93.60 |
| ATHARVA SUDHIR PATIL | 93.40 |
| HIMANSHU KUMAR | 93.40 |
| SNEHA NAIR | 93.00 |
| PRAKASH AGRAWAL | 92.80 |
| SANMAYA VASHISHT | 92.80 |
| D S PRIYAL | 92.60 |
| SYED AFIYA | 92.40 |
| AMAY SINGH THAKUR | 92.20 |
| HARSHIL MISHRA | 92.20 |

| NAME | % |
|---|---|
| ISHITA PANDEY | 92.20 |
| SHIVAM PANDEY | 92.20 |
| SHUBHIKA AGRAWAL | 92.20 |
| SUBIKCHHA AGRAWAL | 92.00 |
| KAVY ACHARYA | 91.80 |
| SAKSHAM SRIVASTAVA | 91.60 |
| AARYA TIWARI | 91.40 |
| MAHENOOR SIDDIQUI | 91.00 |
| ARCHIT SINGH | 90.80 |
| BHAVYA TIWARI | 90.80 |
| SAIT KUMAR DEULKAR | 90.80 |
| ARADHYA AGRAWAL | 90.60 |
| PRASANN AGRAWAL | 90.60 |
| ANURAG SINHA ROY | 90.40 |
| MANSI SHARMA | 90.40 |
| ATHARVA PATEL | 90.20 |
| HIMANSHU RAJ | 90.20 |
| NIYATI SHUKLA | 90.20 |
| PALAK MISHRA | 90.00 |

C.B.S.E. All India Senior School Certificate Examination 2024
SCHOOL TOPPERS



13- MAY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 5/14/2024 1:37 AM Page 1

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 14 मई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



डीएवी की छात्रा मिहिका जैन को मां ने लगाया तिलक

## सीबीएसई 10वीं व 12वीं के नतीजे, शहर के स्कूलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत, नहीं की गई मेरिट की घोषणा



डीएवी स्कूल की छात्रा टॉपर तन्मया साहू को माता-पिता मिठाई खिलाते हुए।



द जैन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र प्रियांशु अग्रवाल परिवार के साथ।



सीबीएसई बोर्ड के 12वीं टॉपर अभिमन्यु अग्रवाल ने मनाई खुशियां।

# प्रतिभाओं को लगे पंख, बेटियां निकलीं आगे

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने कक्षा 10 वीं और 12 वीं का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया है। बिलासपुर जिला भुवनेश्वर रीजन के अंतर्गत आता है। ऐसे में बारहवीं में कुल 83.34 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। 10 वीं का रिजल्ट 92.03 प्रतिशत रहा। जारी परिणाम में लड़कियां एक बार फिर लड़कों से आगे रहीं। 12 वीं कक्षा में जहां छात्राओं का रिजल्ट 91.52 प्रतिशत रहा। वहीं छात्रों का रिजल्ट 85.12 प्रतिशत रहा, इसी तरह 10 वीं कक्षा में छात्राओं का रिजल्ट 94.75 प्रतिशत रहा तो वहीं छात्रों का 92.71 प्रतिशत रिजल्ट रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले से 10 वीं कक्षा में जैन इंटरनेशन स्कूल की तन्मया साहू व मीहिका जैन ने 99.2 प्रतिशत हासिल कर टॉपर रही इसके साथ ही जैन इंटरनेशन स्कूल के अभिमन्यू अग्रवाल ने 12 वीं कक्षा में 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है। जिले के 500 से अधिक बच्चों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए हैं। शहर के जैन इंटरनेशनल,डीएवी, सेंट्रल स्कूल,डीपीएस, महर्षि और कृष्णा पब्लिक सहित अन्य स्कूलों के बच्चों का प्रदर्शन अच्छा रहा है।



डीएवी स्कूल की छात्रा उर्जा सोनी ने परिवार के साथ मनाई खुशियां।



सीबीएसई का रिजल्ट देखने छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह रहा।

## डीपीएस के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड में बनाई जगह



तिफरा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई दसवीं व बाहरहवीं बोर्ड में उच्चतम अंक हासिल कर स्कूल व परिजनों को गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं में डीपीएस की छात्रा सौम्या मिश्रा को 97.8 प्रतिशत, अनुशष्का मिश्रा को 97.4, इप्शिता अग्रवाल को 97.2, अरमान राज को 97.2, शैलेष अंधारे को 97.2, मीनाक्षी चौबे को 97, विभूति श्रीवास्तव को 97, अनुष्क सोनी को 96.8, अवनी गुप्ता को 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में इनाया शेख को 96.4 प्रतिशत, आग्नेय प्रताप गुप्ता को 95.4, रिशिमा अग्रवाल को 95.2, खुशबू सिंह को 94.8, जिज्ञासा अग्रवाल को 94, भूमि बिलाया को 94, गार्गी अवस्थी को 94, अलिस्का सिंह को 93.8, प्रांजल साहू को 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

## केपीएस में बारहवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा



कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी के कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वेदेश देवांगन 95.2 प्रतिशत,काव्या अंबस्थ 94.8, कृष्णा पमनानी 94.2, श्रितिका गुप्ता 94, सृष्टि जैन 92.4, अभिजीत हीरवानी 92.2, श्रिया तंबोली 91,कृष कुमार डले 91,सौम्या वर्मा 91, यश सिंह ठाकुर 91,भूपेश नेताम 90.2, अंशुल गोयल 90.2 ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किया। स्कूल के डायरेक्टर सविता त्रिपाठी,आलोक त्रिपाठी, प्राचार्य रूनकी अम्बष्ट, उप प्राचार्य रमन मिश्रा, अजय कुमार पाण्डेय और सीएओ चंद्रेश घृत ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## द जैन इंटरनेशनल स्कूल ने जिला स्तर पर मारी बाजी



सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में जिले के टॉपर्स द जैन इन्टरनेशनल स्कूल से ही रहे। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वीं में स्कूल के 17 विद्यार्थीयों तन्मया साहू 99.2%, प्रांशु अग्रवाल 99, आर्या तिवारी 98, समिक्षा माझी 95.4, अभिषेक घोसले 99.2, तनिष्क लालवानी 93.8, तानी जैन 93.6, सृजन पांडे 93.4, प्रियल तिवारी 93.2, सृष्टी लालवानी 92.6, विजय कुमार मरकाम 92.2, देवांश अग्रवाल 91.8, कृष्ण कांत टण्डन 91.2, अमर अग्रवाल 91, अर्पण पोद्दार 91, अभ्युदय तिवारी 90.8, और नालिनी भारती 90.8 ने 90 प्रतिशत से उपर हासिल करते हुए जिले के टॉपर्स की सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। 92.6% विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी और शेष 7.4% ने द्वित्तीय श्रेणी प्राप्त किया। 12 वीं में स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक अर्जित कर अपना नाम टॉपर्स की सूची में दर्ज किया। इसमें अभिमन्यु अग्रवाल 97.2%, नायला उससहर 94.8, मेधावी जैन ने 94.8, दीया बैद्य नें 94.4, रेयॉन सिंह ने 92.6 अंक, रिशीता श्रीवास्तव ने 91.8, सृष्टि सोनी ने 91.4, आरती साहू ने 91, हर्ष सिंह ने 90.8, और अर्शिया मक्कड़ 90.4% अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के 93% विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी और शेष 7% ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। स्कूल के प्रबंधक अशोक अग्रवाल, निर्देशिका अनिता अग्रवाल, प्राचार्य अभिषेक नायडू ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## सेंट जेवियर्स व्यापार विहार के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12 वीं विज्ञान विषय में आदित्य झा ने 95.6 प्रतिशत हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहकशा अली 94, इशा दुबे 92.6 पद्मभूण साहू 90.8, आनंद कुमार कौशिक 90.4 , यशस्वी सलूजा 90 , तुहिन शेखर सेतुवा 89.8, उज्जवल दिक्षित 89.6 शिवम साहू 88.8 अंक हासिल कर शाला व अपने परिवार को गौरन्वाति किया। स्कूल के कुल 139 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 134 छात्र उत्तीर्ण रहे विघालय का परिणाम 96.4% रहा। कक्षा 10 वीं में 169 छात्र-छात्राए सम्मिलित हुए जिनका परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। देव प्रताप सिंह ने 96.4 हासिल कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। माही सेठ 95.8, शाभवीं सिंह चैहान 93.8,नताशा धामेचा 93.6,अक्षत तिवारी 93.2, सिद्वांत भुंजिया 93, प्रायुशी प्रियदर्शिनी 92.8,कनिष्क सिंह 92.4,अंशिका चित्रकार 92.2, आर्शी जुनेद 92, ख्याति कुरै 91.6,मोहम्मद शान रजंवी 91.4,मानसी यादव 91,रोहित मतलानी 90.8,आराध्या सिंह श्रीवास 90.8, ऋषभ गुप्ता 90.6, ईवा ओशीन मसीह 90.4 कुल 21 छात्र - छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शाला के सीएमडी.डॉ. जी.एस. पटनायक, एम.डी लेखा श्री पटनायक, सेक्रेटरी सुप्रिया ए.पी. , सी.ई ओ मुकेश सराफ, प्राचार्या डॉ बी.बी. महाता, उप प्राचार्या रंजना बहादुर, एच एम ए. ललिता ने उपलब्धि हासिल की।

## आधारशिला स्कूल के छात्रों ने सर्वाधिक अंक लाए



कोनी स्थित आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड के दसवी व 12वीं कक्षा के छात्र सर्वाधिक अंक लाए हैं, कक्षा 10वीं में असमीत आर्या ने 91.4, शिविका शुक्ला 91.4, सक्षम सोनी 90.8, अविरल त्रिवेदी 88.8, अंकित टंडन 87.4, आस्था कौशिक 87, तानवी श्रीवास 86, अरिहान श्रीवास्तव 84.4, दीपक देशार 84.2, अनुश्का मिश्रा 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में पलक पांडेय ने 94, शानी वैशवाड़े 93.4,पलक येलुकर 90.8, अपराना गहवई 90.2,पियूष मोटवानी 89.6, सोहम सराफ 88.2, शाहिल कश्यप 86.2, प्रिंसी अग्रवाल 82.2, देव्रत सिंह बमभोले 78.2, भूमि यादव ने 77.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रों ने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव व प्रिंसिपल आर मधुलिका ने सभी छात्रों को बधाई दी।

### रिजल्ट वेरिफिकेशन, रीवैल्युएशन डेट

सीबीएससी द्वारा जारी प्रस्तावित शेड्यूल के हिसाब से अंक वेरिफिकेशन के लिए बच्चों को रिजल्ट जारी होने के चौथे दिन से लेकर 8 वें दिन तक और अंशरसीट की फोटो कॉपी के लिए रिजल्ट जारी होने के 19 वें और 20 वें दिन इसके साथ ही रीवैल्युएशन के लिए रिजल्ट जारी होने के 24 वें और 25 वें दिन तक का समय मिलेगा। जो बच्चे अपने परीक्षा परीणाम से संतुष्ट नहीं है। वो इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

## करियर पॉइंट : नायशा व वृद्धि ने स्कूल में किया टॉप



करियर पॉइंट वर्ल्ड स्कूल की कक्षा 12 वीं विज्ञान समूह की छात्रा नायशा उबेजा ने 95.4% अंक के साथ विद्यालय टॉपर बनी। नायशा बायोलाजी में 99%,केमेस्ट्री 98%, फिजिक्स 95%, फिजिकल एजुकेशन 94% और अंग्रेजी में 91% अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय के रौनक केडिया ने 93.20% प्राप्त किया। जिसमें अंग्रेजी में 92%, इकानामिक्स 95%, बिजनेस स्टडीज 98%, एकाउंटेसी में 95 % प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय के कृष हरयानी 91.80 % लाकर तृतीय स्थान पर रहे। कृष ने इकानामिक्स में 93 %, बिजनेस स्टडीज 98% और एकाउंटेसी में 92 % अंक प्राप्त किए। चतुर्थ स्थान पर मानविकी एवं समाज शास्त्र संकाय के यशस्वी कश्यप ने 91. 2% अंक ,पांचवे स्थान पर दीक्षांत जायसवाल ने 91% अंक , छठवें स्थान पर सहजवीर सिंह छाबड़ा ने 90.2 % अंक , सातवें स्थान पर सृजन शर्मा ने 90% अंक प्राप्त किए। सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं का परिणाम भी साथ ही साथ घोषित किया गया जिसमे वृध्दि छाबड़ा 97.2% पहले स्थान पर रही। पीहू सिंघानिया 94.6%, शिखर डालमिया 94.4%, श्रेया देशमुख 94%, साक्षी संघई 93% , शगुन गर्ग 91.8%, राधिका गोयल 90.4% अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय एवं शहर में सफलता का परचम लहराया। विद्यार्थियों के सफलता पर प्रबंध निर्देशक सुरिंदर सिंह चावला, अध्यक्ष डॉ किरनपाल सिंह चावला, निर्देशक गुरमेहर सिंह चावला और प्राचार्य डॉ. रेखा पींचा ने सभी को शुभकामनाएं दी।

## जिले के होनहार छात्र

**मान्या मिश्रा**
99 प्रतिशत
10वीं
डीएवी स्कूल



**सौम्या मिश्रा**
97.8 प्रतिशत
10वीं
डीपीएस स्कूल



**अतुल्य कृष्णा मिश्रा**
96 प्रतिशत
10वीं
सेंट फ्रांसिस स्कूल



**अमय सिंह**
92.6 प्रतिशत
10वीं
सेंट फ्रांसिस स्कूल



**अभिजीत सलूजा**
84 प्रतिशत
12वीं
बीपीएस स्कूल



**जईद अहमद अली**
75.5 प्रतिशत
10वीं
लोयोला स्कूल



**जान्हवी पाण्डेय**
69 प्रतिशत
12वीं
ब्रजेश स्कूल



### डॉक्टर बनना उद्देश्य



डीपीएस स्कूल की छात्रा अनुष्का अग्रवाल ने कक्षा 10वी में 98.8 प्रतिशत हासिल किया है, उन्होंने बताया कि एग्जाम की तैयारी को लेकर कोचिंग व सेल्फ स्टडी कर पढ़ाई की थी। अनुष्का डॉक्टर बनना चाहती हैं, उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी शुरू कर दी है।

### सिविल सर्विसेज की तैयारी



अमय सिंह को 10वीं बोर्ड में 92.6 प्रतिशत मिला है, अमय सेंट फ्रांसिस स्कूल के छात्र हैं। अमय आईआईटी का एग्जाम क्लियर करने के बाद सिविल सर्विसेज में जाना चाहते हैं। उनके पिता अभिषेक सिंह, माता कीर्ति सिंह हैं।

### सीईओ बनना लक्ष्य



डीपीएस स्कूल के छात्र आयुष सिन्हा ने 12 वी कक्षा में 96.6 प्रतिशत हासिल किया है, इन्होंने बताया कि एग्जाम की तैयारी के समय सेल्फ स्टडी और यू ट्यूब से भी उन्हें बहुत सपोर्ट मिला। वे मल्टी नेशनल कंपनी के सीईओ बनना चाहते हैं, उन्होंने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

### प्रोफ़ेसर बनना चाहती है दीपाली



ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वी की छात्रा दीपाली सिंह ने 96 प्रतिशत हासिल किया है, इन्होंने बताया कि मैने शुरू से गोल सेट कर तैयारी कर रही थी, मैं साइंस की छात्रा हुं मगर मुझे प्रोफ़ेसर बनना है।

# लोकसभा चुनावः डाकमत पत्र, ईटीपीबी व पीवीसी के जरिए पड़े 3 हजार 282 वोट, सेना के जवान मतगणना के दिन कर सकेंगे वोट

## बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने होम वोटिंग का लिया लाभ

## 1 हजार 156 सेवा कर्मियों को ईटीपीबी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव में बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए डाकमत पत्र सहित सुविधा केन्द्रों, गृह मतदान दल, ईटीपीबी व पीवीसी के माध्यम से अब तक 3 हजार 282 वोट पड़ चुके हैं। वहीं सेना, सशस्त्र बल के जवान जो लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सेवा मतदाता है, वे मतगणना दिवस के सुबह 8 बजे तक अपना मतदान कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव कार्य में लगे कर्मियों, पुलिस कर्मियों के डाक मतदान के लिए कलेक्टोरेट में सुविधा केन्द्र बनाए गए थे। पहले यह सुविधा केन्द्र विधानसभा क्षेत्र के प्रशिक्षण स्थल पर रखा गया था, जिसे बाद में जिला कार्यालय में बनाया गया। 30 अप्रैल से 5 मई तक डाक मतदान के लिए निर्धारित किया गया था। इसके अलावा कोनी स्थित सामग्री वितरण स्थल पर भी सुविधा केन्द्र बनाया गया था। लोकसभा चुनाव में लगे कर्मचारियों को 8 हजार 256 इलेक्शन डयूटी सर्टिफिकेट ईडीसी जारी किया गया था। इसमें 7 हजार 192 मतदाताओं ने भी चुनाव डयूटी के दौरान ईवीएम से ही वोटिंग की। इसी तरह डाक मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र में 2 हजार 412 मतदान हुए हैं।

सुविधा केन्द्रों, गृह मतदान दल, ईटीपीबी व पीवीसी के माध्यम से अभी तक 3 हजार 282 मतदान हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ सशस्त्र बल, सेना के जवानों जो लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रहते हैं, ऐसे 1 हजार 156 सेवा मतदाताओं को ईटीपीबी जारी किया गया था, जिसमें 308 लोगों का ईटीपीबी निर्वाचन कार्यालय के पास जमा हो चुका है।

### 416 बुजुर्गों ने की घर बैठे वोटिंग

निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए ऐसे वोटर्स को आयोग द्वारा डाकमत पत्र के जरिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई थी। निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदान दलों ने ऐसे वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों के घरों तक पहुंचे और उनसे मतदान कराया। इसमें लोकसभा अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले 416 मतदाताओं ने तथा 115 दिव्यांगजनों ने घर बैठे मतदान किया है।



### मुंगेली व लोरमी के डाक मत पत्र पहुंचे

बिलासपुर लोकसभा अंतर्गत मुंगेली जिला का मुंगेली व लोरमी विधानसभा क्षेत्र भी आता है। मुंगेली और लोरमी विधानसभा में ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती मुंगेली जिला में ही होगी। लेकिन मुंगेली जिला के दोनों विधानसभा के डाकमत पत्रों की गिनती बिलासपुर में होगी। इसके लिए वहां से सुरक्षा व्यवस्था के साथ सील बंद पेटियों में डाकमत पत्रों को लाकर जिला कोषालय स्थित डबल लॉक में रखवा दिया गया है। लोरमी में सुविधा केन्द्र में डाकमत पत्र, वरिष्ठजन, दिव्यांगजन मिलाकर 364 मतदान और मुंगेली विधानसभा में 530 मतदान हुआ है।

---

## खबर संक्षेप

### युवती को शराब पिलाकर अनाचार, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** छठ्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गई एक युवती को जबरदस्ती शराब पीकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती 8 मई को रिश्तेदार के घर छठ्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इस दौरान जेंजराडीह रतनपुर निवासी संजय सिसोदिया पिता रामायण सिसोदिया 24 साल युवती को शराब पिलाकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद शादी करने का झांसा देकर दूसरी बार संबंध बनाया। उसके बाद शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### सूने मकान से लाखों के जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** सुपरवाइजर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर लाखों के सोने चांदी के जेवर की चोरी कर ली है। सिलसिलेवार चोरी के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोरनगर चंदन आवास निवासी अजय पाटले पिता स्व. चंदराम पाटले नरियरा वर्धा पावर प्लांट में हाउस किपिंग सुपरवाइजर हैं। 30 अप्रैल को वे घर के दरवाजे में ताला लगाकर नरियरा चले गए थे। इसी दौरान उनके सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर आलमारी के लाकर से सोने का हार, लाकेट, पायल , सोने की बाली सहित डेढ़ लाख के जेवर की चोरी कर ली है। 12 मई को वे घर लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दो दिन पूर्व में तोरवा शारदानंदनगर निवासी रेलवेकर्मी पी शेखर राव व सिरगिट्टी कंचन विहार निवासी आयुश सिंह के घर चोरी हुई थी। सिलसिलेवार चोरी के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

### विवेचना में फ़िंगरप्रिंट की महत्वपूर्ण भूमिका

**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन में बिलासपुर ज़िला के पुलिस थाना में पदस्थ आरक्षक, प्रधान आरक्षकों को अपराध विवेचना में फिंगरप्रिंट के मध्यम से बेहतर बनाने पुलिस लाइन में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप के मार्गदर्शन में सभी थाना से 1-1 आरक्षक और प्रधान आरक्षक को अपराध की विवेचना करना बताया गया। इसमें फ़िंगरप्रिंट एक्सपर्ट निरीक्षक विद्या जौहर व आरक्षक सुबोध सग्गर और लोकेश्वरी ने फिंगरप्रिंट की बारीकियों से अवगत कराया। फ़िंगरप्रिंट को अपराध विवेचना में उपयोग कर अपराधियों की पहचान और सभी प्रकार के अपराधों में अपराधियों तक आसानी से पहुंच कर कटघरे तक पहुंचाया जा सकता है।

### नया तालाब के पास शराबियों का जमावड़ा



**बिलासपुर।** मोपका के वार्ड क्रमांक 48 के प्रमुख तालाबों में से एक नया तालाब है, जो निस्तार का सबसे प्रमुख साधन है। वह इन दिनों अपनी हालत पर आंसू बहा रहा है। दरअसल तालाब के पास ही शराब भट्टी होने के कारण लोग यहां आकर मंदिर और नया तालाब के चारों तरफ मदिरा प्रेमी शराब का सेवन करते हैं। जिस कारण तालाब में पानी डिस्पोजल से भरा पडा है। इसके साफ-सफाई की तरफ किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं जा रहा है। लोगों ने शराब भट्टी को यहां से कहीं दूर स्थानांतरित करने की मांग की है। यहां आए दिन लोग शराब पीते हैं और गालियां देते हैं। गत दो-तीन साल में तालाब में डूब कर दो-तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है। वार्ड के ग्रामीणों ने यहां से शराब भट्टी को दूसरे जगह हटाने ले जाने मांग की है। जिससे तालाब का पानी व उसके आसपास का क्षेत्र साफ रहे। ताकि लोग इसका सही उपयोग कर सके।

---

### गिरफ्तार आरोपियों से अवैध हथियारों के संबंध में पुलिस कर रही पूछताछ

# गैंगस्टर दो दिन की रिमांड में, आरोपियों पर उत्तरप्रदेश में चार संगीन मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हथियारों के जखीरा के साथ पकड़े गए यूपी के गैंगस्टर को पुलिस ने दो दिन के पुलिस रिमांड में लिया गया है। वहीं अन्य 9 साथियों को जेल भेज दिया गया है। आरोपी से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस को संदेह है कि उसके सिर पर यूपी के बड़े खूंखार अपराधी का हाथ है। उसके इशारे पर वह यहां विगत चार साल से मवेशी व गांजा की तस्करी कर रहा था।

हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया, रविवार को मवेशी व गांजा तस्करी करने वाले 10 आरोपियों को हथियार के जखीरा के साथ पकड़ने के लिए कोर्ट में पेश किया गया। मुख्य आरोपी यूपी के गैंगस्टर जब्बार गौरी पिता मोहम्मद समीम 30 साल सडगोदली जनकुपरी सहारनपुर यूपी को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते गैंगस्टर को दो दिन रिमांड में पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं अन्य 9 लोगों को जेल भेज दिया गया है। टीआई श्री केंवट ने बताया, आरोपी जब्बर से अवैध हथियार के


पंचर, वेल्डिंग दुकान की आड़ में मवेशी व गांजा की कर रहे थे तस्करी
यूपी के गैंगस्टर, खूंखार अपराधी सहित 10 गिरफ्तार, पिस्टल, जिंदा कारतूस जब्त

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

संबंध में पूछताछ की जा रही है। उसे भारी संख्या में अवैध हथियार किसने उपलब्ध कराया था। वह किसके संरक्षण में यहां विगत चार साल से मवेशी व गांजा की तस्करी कर रहा था। इसके साथ और भी कितने स्थानीय लोग मिलकर तस्करी के काम कर रहे थे। पूर्व में इसके द्वारा कोई वारदात तो नहीं की गई है। आरोपी जब्बार के खिलाफ यूपी में डैकती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर के मामले दर्ज है। वह यूपी का खूंखार आरोपी है। उसके पीछे कौन खूंखार आरोपी है। बहरहाल पुलिस उससे पूछताछ करने में लगी हुई है।

### मस्तूरी के फरार मवेशी तस्कर गिरफ्तार

एसपी रजनेश सिंह ने पूर्व में हुई मवेशी तस्करी के पेंडिंग मामले की फाइल मंगाकर अवलोन किया गया। जिसमें पाया



गया कि मस्तूरी थाने में दिसंबर 2023 में मवेशी तस्करी के दो मामले दर्ज हुए हैं। उसमें क्षेत्र के चर्चित मवेशी तस्कर साहेबलाल कुर्रे व मूलतः यूपी हालमुकान कोटमीसुनार निवासी इकबाल हक फरार हैं। उनके निर्देश पर पुलिस ने सोमवार को दोनों मवेशी तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इकबाल हक के पास देशी कट्टा बरामद किया गया है। मजेदारबात यह है कि अपराध दर्ज करने के बाद भी मस्तूरी पुलिस दोनों को गिरफ्तार नहीं कर रही थी।

### आरक्षक का नाम हटा दिया गया था

सूत्रों के मुताबिक, मवेशी तस्करों को संरक्षण देने के आरोप में निलंबित हुए आरक्षक बबलू बंजारे पायलेटिंग की तर्ज पर पुलिस गाड़ी से मवेशी गाड़ियों को जिले से बाहर कराता था। पूर्व में उसके खिलाफ सकरी थाने में अपराध कायम किया गया था। बाद में उक्त आरक्षक का नाम मामले से हटा दिया गया था। एक बड़े अधिकारी का संरक्षण होने से वह जिले में बेखौफ तस्करों से सांठगाठ कर मवेशी तस्करी करा रहा था।

### फरार दो मवेशी तस्कर गिरफ्तार

मस्तूरी थाने में दर्ज दो मवेशी तस्कर फरार थे। सोमवार को दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यूपी के गैंगस्टर को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है।

-रजनेश सिंह, एसपी

## अटल आवास से नशीले इंजेक्शन बेचते दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** 4 दिन पूर्व नशेड़ी युवकों के द्वारा महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए उत्पात मचाने के बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगाम कसना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में सक्रिय होकर नशीली दवा बेचने वाले दो नाबालिग सहित तीन युवकों को पकड़कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। 9 मई की रात अशोकनगर अटल आवास में नशेड़ी युवकों ने जमकर उत्पात मचाते हुए घर में घुसकर महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की गई थी। उसके बाद नवपदस्थ टीआई तोपसिंह नवरंग ने क्षेत्र में गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया है।



रविवार को नशीले इंजेक्शन बेचने की मुखबिर की सूचना पर श्री नवरंग ने स्टाफ के साथ अटल आवास में दबिश देकर घेराबंदी करते हुए अटल आवास निवासी नन्हे सोनी पिता रमेश सोनी 21 साल व दो नाबालिग को पकड़ लिया। उनके पास से 375 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने 21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत इंजेक्शन जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सरेराह फरसा लहराते बदमाश गिरफ्तार

सरकण्डा पुलिस को शिकायत मिली अशोकनगर डीएलएस कालेज के पास एक व्यक्ति फरसा रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर अशोकनगर मुरूम खदान निवासी तौसिफ खान उर्फ गुल्ला पिता सादिक खान 19 साल को पकड़कर फरसा बरामद कर लिया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इमलीभाटा अटल आवास के पास दबिश देकर सट्टा खिलाते अटल आवास निवासी जितेन्द्र राव बाघमारे पिता शीतल राव 41 साल को पकड़ लिaया। उसके पास से सट्टापट्टी व 400 रुपए बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

---

### डीजीसीए के डिप्टी डायरेक्टर पहुंचे एयरपोर्ट

# पीडब्ल्यूडी के काम को बताया बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडब्ल्यूडी द्वारा किए गए निर्माण कार्य और 3 सी आईएफआर के लिए डीजीसीए द्वारा निरीक्षण कराया जा रहा है। डीजीसीए के डिप्टी डायरेक्टर ने सोमवार को बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्य पर संतुष्टि जाहिर करते हुए इसे बेहतर बताया और आगामी निर्माण कार्य को लेकर चर्चा की।

- अगले दो दिनों तक एयरपोर्ट में चलेगा निरीक्षण का दौर

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में हाल ही में हुए निर्माण कार्य के निरीक्षण के लिए डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन के डिप्टी डायरेक्टर मुकेश वर्मा मुंबई हेडक्वाटर से बिलासपुर पहुंचे। सुबह 11 बजे पहुंचने के बाद उन्होंने एयरपोर्ट डायरेक्टर एनबी सिंह से बातचीत की और एयरपोर्ट के रनवे और निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट की सिक्यूरिटी आंकी और 3सी वीएफआर से उन्नत 3 सी आईएफआर के लिए कराए गए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। हाल ही में 25 करोड़ की लागत से बनाई गई बाउंड्रीवाल और पेरीमीटर सड़क,फायर सेफ्टी सड़क पर पहुंचे। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे और फाइलों में दर्ज गुणवत्ता का अध्ययन किया।

आइसोलेशन बे और सीसीआर क्वाटर्स में कुछ नए कार्य भी अधिकारियों को सुझाए हैं। अधिकारी ने पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए गए सभी कार्य को बेहतर बताया है, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी राहत की सांस ले रहे हैं।

### 11 करोड़ की स्वीकृति का इंतजार

हाल ही में 1600 मीटर बाउंड्रीवाल बनाई गई है, लेकिन अभी भी 7.5 किमी में बाउंड्रीवाल किया जाना है, जिसके चलते फंड की जरूरत है। पीडब्ल्यूडी ने इसके लिए स्टीमेट तैयार कर चुका है। इसके साथ ही डिप्टी डायरेक्टर ने रनवे की फिर से टायरिंग करने का सुझाव दिया है, दरअसल रनवे को बनाए हुए 5 साल बीत चुके हैं। ऐसे में बोइंग जैसे विमानों के लिए रनवे बेहतर नहीं है, हालांकि 72 सीटर विमान अभी भी इस रनवे पर आराम से टेकऑफ और लैंड कराए जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि इसके लिए पीडब्ल्यूडी को 11 करोड़ रूपए की जरूरत है, लेकिन फंड अब तक नहीं आया है।

### निरीक्षण कर देंगे रिपोर्ट

एक अधिकारी आए हैं, वे यहां रहकर हमारे द्वारा कराए गए निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगें साथ ही रिपोर्ट भी सौंपेंगें।

-एनबी सिंह, डायरेक्टर, बिलासा एयरपोर्ट

---

# ट्रेन में कन्फर्म टिकट दिलाने दलाल सक्रिय, आरपीएफ ने 9 को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेनों में भीड़ और कन्फर्म टिकट नहीं मिलने पर अब दालल सक्रिय होकर अधिक दामों पर रेल टिकट की ब्रिक्री कर रहे हैं। ऐसे में आरपीएफ ने 9 टिकट दलालों को पकड़ा। अफसरों ने बताया कि यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली कतारों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने एवं कैशलेस प्रणाली को बढ़ावा देने, आईआरसीटीसी के माध्यम से घर बैठे पर्सनल आईडी से स्वयं की आरक्षित यात्रा टिकट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

इस सुविधा को लाभ में बदलने के लिए कुछ लोगों द्वारा विशेषकर त्यौहारी सीजन, समर वेकेशन के दौरान अपने पर्सनल आईडी से रेल यात्रा टिकट बनाकर अधिक मूल्य में बेचे जाने अथवा अवैध टिकटिंग की सूचनाएं मिल रही हैं। ऐसी घटनाओं पर निगरानी रखने व अवैध व्यापार करने वाले टिकट दलालों पर नकेल कसने के लिए बिलासपुर मंडल के सभी आरपीएफ पोस्ट प्रभारियों द्वारा नियमित रूप से अभियान चलाकर अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। बिलासपुर मंडल के विभिन्न आरपीएफ पोस्टों द्वारा कार्यवाही करते हुए 9 अवैध रूप से रेल यात्रा टिकटों का व्यापार करने वालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्यवाही की गई।

### पिछले वर्ष 111 टिकट दलाल पकड़े गए

आरपीएफ के जवानों ने बताया कि बिलासपुर मंडल द्वारा वर्ष 2023 में अवैध रूप से रेल यात्रा टिकटों का व्यापार करने वालों कुल 111 के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी। साथ ही वर्ष-2024 में अब तक कुल 46 मामलो में 773 यात्रा टिकटों जिसकी कीमत 8 लाख 84 हजार 809 रूपए की जप्ती कर कुल 46 आरोपियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई की गई है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी के अनुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# वाहन चेकिंग के समय नशेड़ी ने लहराई टंगिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीएसपी ट्रैफिक के नेतृत्व में बिना नंबर, स्टाइलिश नंबर वाहनों पर मंगला चौक पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इस दौरान एक नशेड़ी युवक ने खुलेआम टंगिया लहराकर हंगामा मचाने लगा। इससे वहां लोगों में हड़कंप मंच गया। मौके पर पुलिस ने उससे टंगिया जब्त कर उसे सिविल लाइन थाने के हवाले कर दिया। वहीं 26 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 10 हजार 800 रुपए का चलान काटा गया।

- 26 वाहनों पर 10 हजार 800 रुपए का काटा चलान

जानकारी के अनुसार एसपी रजनेश सिंह के आदेश पर शहर यातायात व्यवस्था एवं प्रबंध के अंतर्गत 13 मई की शाम डीएसपी ट्रैफिक संजय साहू के नेतृत्व में मंगला चौक पर अभियान चलाकर स्टाइलिश नंबर, बिना नंबर लिखे वाहनों, नंबर प्लेट में जाति, पद नाम, स्लोगन लिखकर फर्राटा भरने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में





55 वाहनों को थाना लाकर नंबर प्लेट सही करवाकर, मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई। जिसमें समाचार लिखे जाने तक 26 वाहनों से 10 हजार 800 रुपए का चलान काटा गया। ट्रैफिक पुलिस के ट्रैफिक व्यवस्था प्रबंधन के अंतर्गत थाना ट्रैफिक को सवारी ऑटो में माल वाहक परिवहन करने की शिकायत प्राप्त होने पर 13 मई सोमवार को व्यापार विहार रोड पर सहायक उप निरीक्षक डीडी सिंह, आरक्षक यासीन हुसैन, प्रदीप साहू की टीम द्वारा ऑटो पर कार्रवाई करते हुए थाना यातायात लाकर कार्रवाई की गई।

वहीं डीएसपी ट्रैफिक बिलासपुर के नेतृत्व में मंगला चौक में अभियान के दौरान नशे की हालत में एक युवक द्वारा टांगिया लहरा कर उत्पाद मचाने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा उसे रोक कर टांगिया जब्त कर थाना थाना सिविल लाइन के सुपुर्द कर दिया गया है।

---

### वंदेमातरम की नगर इकाई कर रही व्यवस्था

# 108 राम भक्त आज गरीबरथ से रवाना होंगे अयोध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जय वंदे मातरम की नगर इकाई द्वारा 14 मई को 108 राम भक्तों को श्री राम लला के दर्शन कराने अयोध्या धाम ले जाया जा रहा है।



श्री राम लला अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के लिए संग़ठन की प्रदेश प्रभारी उपमा सिंह ने बताया कि जय वंदे मातरम बिलासपुर द्वारा ज़ब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय नगर को राम मय बनाने के लिए 21 जनवरी को संगठन द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा के समय संग़ठन द्वारा समय-समय पर शहर के राम भक्तों को न्यूनतम शुल्क में अयोध्या दर्शन कराने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत 14 मई मंगलवार को जय वंदे मातरम द्वारा 108 राम भक्तों को राम लला के दर्शन कराने अयोध्या ले जा रहे हैं, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया था। यह यात्रा 14 मई को उसलापुर से गरीब रथ ट्रेन से लखनऊ जाएगी।

वहां से सभी यात्री एसी बस द्वारा अयोध्या जाएंगे। वहां सभी यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था के साथ भोजन की व्यवस्था भी निशुल्क है। उन्होंने बताया कि 15 मई को सुबह 10 बजे तक सभी राम भक्त अयोध्या पहुंच कर रामलला का दर्शन कर सकेंगे। 16 मई को सुबह 8 बजे वापस एसी बस द्वारा लखनऊ प्रस्थान करेंगे। जहां दोपहर 2 बजे वापस गरीब रथ ट्रेन से 17 मई को सुबह 5 बजे उसलापुर स्टेशन पहुंच जाएंगे।

### नाश्ता व भोजन की व्यवस्था भी

यात्रा के लिए सभी यात्रियों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में 1 हजार रुपए लिए गए हैं। इसमें रामभक्त यात्रियों के लिए रास्ते में पेंड्रा में नाश्ते की व्यवस्था कटनी में भोजन व्यवस्था तथा 15 मई को सुबह बाराबंकी में नाश्ता कराया जाएगा। उसी प्रकार वापसी में लख़नऊ में दोपहर का भोजन व सतना में भोजन कराया जाएगा। इस यात्रा मे सभी यात्रियों के लिए सारी व्यवस्था निःशुल्क रखी गई है। सभी राम भक्त यात्री भगवा वस्त्र या पीला वस्त्र धारण करेंगे।

### यात्रा में इनका मिल रहा सहयोग

राम लला अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के लिए संग़ठन के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष राजू सलूजा, नगर अध्यक्ष अतुल बजाज, आशीष अग्रवाल, विष्णु गुप्ता, श्रीकांत पाण्डेय, हीरा नंद जय सिंह, तरुण सरोज, दुष्यंत सिंह, आकाश यादव, गोपाल कश्यप, रुपेश यादव, सन्नी गुप्ता, अनुग्रह मिश्रा, बंटी ताम्रकार, आशीष सोंथालिया,किशोर पंजवानी, उचित सूद, पवन अग्रवाल, रितु साहू, करन सारथी, रुपेश चौबे, सरदार पुष्पेंद्र सिंह, विनय अग्रवाल एवं संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग प्राप्त है।

# टीआई के सामने आरक्षक को पीटने वाले को पकड़ने में लग गए एक माह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टीआई के सामने आरक्षक की पिटाई करने वाले हमलावर को



पकड़ने में पुलिस को एक महीना लग गया। आखिरकार सोमवार को फरार युवक को गिरफ्तार किया गया है। घटना के दिन दबाव में आकर हमलावर को साधारण मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना पटाने पर थाने से छोड़ दिया गया था। 13 अप्रैल को तारबाहर थाने में पदस्थ आरक्षक प्रफुल्ल कुमार लाल टीआई अनिल अग्रवाल के साथ पुराना बस स्टैण्ड में सार्वजनिक स्थान में शराब पीने वालों पर कार्रवाई करने के लिए गए थे।

- घटना के दिन जुर्माना कर थाने से छोड़ दिया गया था

रात 8.15 बजे अपना चाय ठेला के सामने खड़ी इनोवा में बैठे युवक सरकण्डा निवासी आशीष सिसोदिया को आरक्षक प्रफुल्ल लाल ने बाहर निकलने को कहा। आशीष के बाहर निकलते ही आरक्षक ने उसे एक तमाचा मार दिया। इससे आक्रोशित होकर आशीष सिसोदिया ने टीआई के सामने आरक्षक की जमकर पिटाई कर दी। टीआई मूकदर्शक बनकर तमाशा देखते खड़े रहे।

सूचना पर थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर आशीष को पकड़कर कार सहित थाने लेकर गई थी, परन्तु मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना कर उसे छोड़ दिया गया था। एसपी की नाराजगी के बाद 14 अप्रैल को तारबाहर थाने में आरक्षक प्रफुल्ल लाल की रिपोर्ट पर हमलावर युवक के खिलाफ धारा 186, 353 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। नामजद हमलावर को पकड़ने में पुलिस को एक माह लग गए। आखिरकार सोमवार को पुलिस ने फरार हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। हमलावर के खिलाफ तारबाहर, कोतवाली थाने में मारपीट के दो मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# MODERN EDUCATIONAL ACADEMY

MODERN EDUCATIONAL ACADEMY MEA Where Modernity blends with tradition

C.B.S.E. Affiliated Sr. Sec. School, Affiliation No. 3330165

## ADMISSION OPEN

## FOR CLASSES NURSERY TO XII
### (SCIENCE, COMMERCE, ARTS)

5 Day's Heavy **Discount** in Admission



## Congratulation Students!

### CLASS XII (SCIENCE) RESULT


SAINI RANJAN DAS 96.4%


HARSHITA ISHANI 96%


GUNJAN MISHRA 95.2%


NANCY GUPTA 93.8%


VARTIKA PANDEY 93%


PRADYUMAN CHIPDE 92.6%


ANANNYA TIWARI 91.6%


ANURAG KUMAR DEWANGAN 91.6%


SHRISTI GUPTA 91%


PRIYA PANDEY 90.6%


SHIRISH CHATURVEDI 90.4%


SHAMBHVI SHARMA 90%

### CLASS XII (COM.) RESULT


NIHARIKA SAHU


AKASH MANIKPURI


AKSHARA THAWRANI


SIYA SINGH XII (ARTS) REULTS

### CLASS X RESULT


AARYA DIXIT 96.5%


AVI JOSHI


ADITYA SAHU


NISHANT CHANDEL


HARSH RAJ SAHU


AARAV RAI

R.S.B. COMPOUND, NEW SARKANDA, BILASPUR
91091 39973, 91091 39971, 91091 39974
meabsp.in info@meabsp.edu.in

## खबर संक्षेप

### बीआरसाव विद्यालय का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**मुंगेली।** बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय के



प्राचार्य पीसी दिव्य ने बताया कि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 92.81 प्रतिशत रहा। हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम 95.76 प्रतिशत रहा। विद्यालय में 10वीं में 155 दर्ज विद्यार्थियों में से 153 ने परीक्षा दिलाई। जिसमें 142 उत्तीर्ण हुए, 9 अनुत्तीर्ण रहे, 4 पूरक रहे। 90 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 50 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी एवं 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी पर रहे। 12वीं में 261 दर्ज विद्यार्थियों में 260 ने परीक्षा दिलाई, जिसमें 249 उत्तीर्ण हुए, 6 अनुत्तीर्ण रहे। 5 विद्यार्थी पूरक आए। 146 विद्यार्थी प्रथम स्थान पर रहे। 93 विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर रहे। 10 विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। दशरंगपुर के छात्र हर्षित मानिकपुरी पिता धरमदास मानिकपुरी ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

### मनोरमा ने 94.16 फीसद लाकर बढाया मान



**मुंगेली।** हायर सेकण्डरी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एसएलएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में खर्रीपारा निवासी मनोरमा सोनकर पिता मनोज सोनकर, माता ज्योति सोनकर ने 94.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उन्होंने बच्चों को साक्षर बनाकर शिक्षक बनाने की मंशा व्यक्त की है।

### सॉफ्टबॉल स्पर्धा में आयुष आर्यन, उमाशंकर का चयन

**मुंगेली।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी







सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मुंगेली के खिलाड़ी आयुष, आर्यन, उमाशंकर का चयन हुआ है। जिले के सॉफ्टबॉल खिलाड़ी आयुष ताम्रकार, आर्यन ताम्रकार, उमाशंकर साहू का चयन ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुआ है। प्रतियोगिता बंगलौर यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में 13 से 18 मई को आयोजित की जाएगी।

### बैगा जनजातीय माताओं का ट्रस्ट ने किया सम्मान



**मरवाही।** सेवा और त्याग की प्रतिमूर्ति मदर टेरेसा की याद में मदर्स डे को लेकर भारतवर्ष में सभी मातृशक्ति का आवाहन कर उनके त्याग और तपस्या को याद कर रहे हैं। जिले के आदिवासी अंचल मरवाही के उपासना एजुकेशन ट्रस्ट में नर्सिंग दिवस और मदर्स डे को लेकर मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां उपासना एजुकेशन ट्रस्ट के छात्राओं ने मदर टेरेसा व फ्लोरेंस नाइटिंगेल के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया। छात्राओं द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए नुक्कड़ सभा और नाटक का आयोजन किया। साथ ही उपासना एजुकेशन ट्रस्ट के ओनर ऋषभ रैदास व जिला पंचायत सदस्य शुभम पेंद्रो, बीजेपी मंडल अध्यक्ष ठाकुर किशन सिंह, ओमकार ओट्टी के द्वारा राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा जनजाति की माताओं को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया।

### सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने सट्टा खिलाते एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसपी को सूचना मिली कि इमलीभाटा में सट्टा खिलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना एवं एसपी के निर्देश पर पुलिस ने इमलीभाटा अटल आवास के पास दबिश देकर सट्टा खिलाते अटल आवास निवासी जितेन्द्र राव बाघमारे पिता शीतल राव 41 साल को पकड़ लिaया। उसके पास से सट्टापट्टी व 400 रुपए बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## सीबीएससी 12वीं बोर्ड के नतीजों में बेटियों ने मारी बाजी

# सुप्रिता, मानसी, स्वाती, हर्ष बने 12वीं के टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



सीबीएससी द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने जिले में अपना परचम लहराया। शाला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

■ नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने जिले में अपना परचम

कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान जानवी ठाकुर 95 प्रतिशत, हर्षिता तिवारी 94 प्रतिशत, आस्था सोनी 92 प्रतिशत, अंकुरी सिंह ठाकुरी 92 प्रतिशत, अनंत उपाध्याय 91.4 प्रतिशत, रिंकल लेडवानी 89.4 प्रतिशत, वैभवी कश्यप 89 प्रतिशत, आशुतोष कुमार देवांगन 87.2 प्रतिशत, सव्य सोनी 87 प्रतिशत, अवियान्स पाण्डेय 86.4 प्रतिशत, जयंत सिंह राजपूत 86.2 प्रतिशत, सर्वस्व श्रीवास्तव 85.6 प्रतिशत, श्रीयांस सिंह क्षत्री 85.2 प्रतिशत, सोमेश देवांगन 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान सुप्रिता तंबोली 91 प्रतिशत, मानसी सोनी 88.4 प्रतिशत, स्वाति चन्द्राकर 87 प्रतिशत, हर्ष जैन 86.2 प्रतिशत, रूपाली सोनी 2.4 प्रतिशत, सौम्या यादव 79 प्रतिशत, तुलिका जायसवाल 78 प्रतिशत, यश लालवानी 76.4 प्रतिशत ने अंक अर्जित कर उत्तीर्ण किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक व अपनी मेहनत, लगन को दिया। शाला के प्रबंध निदेशक डॉ. जीएस पटनायक ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया। संस्था के उप प्राचार्य डाल्फी मोंटेरो व प्राचार्य शुभेंद् मंडल ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### 10 वीं में अर्पिता ने 90 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर रही



**मल्हार।** सीबीएससी बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार को जारी हुआ। जिसमें डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परसदा की छात्रा अर्पिता तिवारी ने सीबीएससी की 10 वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा में पहले स्थान पर रही। अर्पिता मल्हार के संजय व अपर्णा तिवारी की पुत्री है

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड में आर्या ने 90% अंकों के साथ सफलता हासिल की



**पेंड्रा।** सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं, 12वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया हैं। पेंड्रा की छात्रा आर्या केशरी ने 12वीं में 90 प्रतिशत हासिल करके अपने माता-पिता, स्कूल व गांव का नाम रोशन किया है। वे आगे चलकर सिविल सेवा में अपना करियर बनाना चाहती हैं। वो अभी से ही अपने आईएएस बनने के लक्ष्य को लेकर क्लियर हैं।

## डिप्टी रेंजर प्रबल कुमार के खिलाफ एक और एट्रोसिटी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/लोरमी



खुड़िया वनपरिक्षेत्र में डिप्टी रेंजर प्रबल कुमार दुबे की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। इस बार मुंगेली अजाक थाने में ग्राम सरगड़ी निवासी प्रार्थी विशम्भर सिंह पिता रामू सिंह की रिपोर्ट पर डिप्टी रेंजर प्रबल कुमार दुबे व दो अन्य के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 323, 506,34, 3-1ध, 3-1 ई एससी, एससी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

■ पहले भी एक आदिवासी युवक के साथ मारपीट के मामले में हो चुका है मामला दर्ज, डिप्टी रेंजर को किया गया है गिरफ्तार

गौरतलब है 7 मई को ग्राम सरगड़ी निवासी विशम्भर सिंह पिता रामू सिंह गोड़ ने अजाक थाना मुंगेली में आवेदन दिया। जिसमें बताया गया कि डिप्टी रेंजर प्रबल कुमार दुबे ने डण्डे से उसकी बेरहमी से पिटाई करते हुऐ जेल भेज दिया। 6 मई को कोर्ट से जमानत पर छूटने के बाद वह मुंगेली के अजाक थाने में आवेदन दिया। जिस पर 12 मई को अजाक थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। विशम्भर सिंह को खुड़िया वनक्षेत्र में हुए हाथी के करंट से मौत मामले में सात माह से फरार बताया जा रहा है। जिसको ट्रेस कर 5 मई को विभाग ने विशम्भर को गिरफ्तार कर न्यायियक अभिरक्षा में जेल भेजा था। पुलिस ने विसम्भर सिंह की रिपोर्ट पर अजाक थाना में प्रबल दुबे अन्य 2 के खिलाफ एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बीएसएफ में 6 माह का प्रशिक्षण लेकर लौटे युवाओं का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**लोरमी।** ग्राम सुकली के युवाओं ने बीएसएफ में जम्मू कश्मीर, श्रीनगर में 6 महीने का प्रशिक्षण लेकर वापस आए बीएसएफ के जवानों का महिलाओं व परिवार जनों ने स्वागत किया।

शिक्षक उमाशंकर सिंह राजपूत ने कहा कि हमें सैनिकों पर गर्व है। इन्होंने गांव का नाम रोशन किया है। आने वाले भविष्य में भी भगवान इन्हें सामर्थ्यवान बनाएं और यह देश के लिए सार्थक प्रयास करें। वही प्रशिक्षण के कठिन दौर को याद करते हुए शिवमंगल सिंह राजपूत ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कुशलता पूर्वक हम सबने कठिन से कठिन अभ्यास का सरलता पूर्वक सामना किया और आने वाले समय में देश के लिए हम जितना दे पाएं उतना कम है। योगेश ने कहा कि देशभक्ति में कैरियर बनाना चाहिए। अनर्गल कामों, व्यवसायों से बचते हुए देश के लिए जीने का सुनहरा अवसर होता है। साथ ही आर्थिक सहयोग भी देश के लिए काम करते हुए परिवार को मिल जाता है। यह वास्तव में बहुत ही उत्साह जनक बात है कि हम अपने देश के लिए कुछ कर पा रहे हैं। आने वाले समय में हमारे जीवन का ऋण इन भावों की अभिव्यक्ति को पूरा करने में लगेगा। गांव के युवाओं का हार्दिक धन्यवाद जिन्होंने हमारा उत्साहवर्धन करने का काम किया है। और ग्रामवासियों ने हमें अभूतपूर्व उत्साह और आशीर्वाद दिया है। जितने दिन हम देश के लिए जी पाएंगे पूरा जी जान लगा देंगे और भारत माता की जय के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देंगे। इस अवसर पर माता, बहनों ने युवाओं का आरती कर, तिलक लगाकर स्वागत किया। डीजे की धुन में देशभक्ति में रमे युवाओं ने सबका उत्साहवर्धन किया और उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नागेश्वर, राजेश सिंह, सहदेव, नरेन्द्र सिंह, नीरज, शत्रुहन, रामरतन, ऋषि, हिमांशु जायसवाल व महिलाएं उपस्थित रही।

## साहिल के 89 प्रतिशत अंक के साथ एलबीडी इंटरनेशनल स्कूल में रहा अव्वल



**करगी रोड कोटा।** एलबीडी इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट आने पर संस्था के एमडी के अदित्य दीक्षित ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि 10 वीं एवं 12 वीं के प्यारे बच्चों आपका परीक्षा का परिणाम जो भी हो आपसे आग्रह है कि टेंशन में आकर कोई गलत कदम मत उठाना। या सोचना भी मत। यह रिजल्ट सिर्फ कागज का एक परिणाम है। एक प्रकार से कागज का टुकड़ा है। लेकिन आप अपने माता-पिता, परिवार के दिल के टुकड़े हो। परिणाम जो भी हो, अच्छा परिणाम हो तो अच्छी बात है पर यदि परिणाम खराब हो तो भी अच्छी बात है। क्योंकि यह हमारी कमजोरी को दूर करने और धैर्य के साथ किसी बड़ी सफलता की ओर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। सभी माता-पिता, अभिभावकों, मित्रों, परिवार के लोगों से आग्रह है कि बच्चों का परीक्षा परिणाम चाहे जो भी उन्हें प्यार - स्नेह और उत्साह के साथ जीवन में कठिनाइयों से हिम्मत नहीं हारने के प्रेरक बने। इसी क्रम में साहिल सिदार - 89%, अदिति गुप्ता - 86%, बी. गनपति - 85%, सक्षम गुप्ता - 83%, अर्जुन मरावी - 78.3%, आदित्य सोनी - 76%, सैयम अग्रहरि - 74%, रोहन नागेश्वर - 73%, सौम्या तिवारी - 72.5%, आशुतोष पान्डे - 67%, सौर्य गुप्ता - 66% प्राप्त किए।

## पं. पाठक ने सुनाई परीक्षित जन्म शुकदेव आगमन की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



वार्ड चार के ठाकुर निवास में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित विजयानन्द पाठक ने परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा सुनाई।

उन्होंने युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोधित होकर पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया। ब्रह्मास्त्र के लगने से अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। परीक्षित जब बड़े हुए नाती पोतों से भरा पूरा परिवार था। सुख वैभव से समृद्ध राज्य था। एक दिन वे क्रमिक मुनि से मिलने उनके आश्रम गए। तप में लीन होने के कारण मुनि ने कोई उत्तर नहीं दिया। राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पड़े सर्प को क्रमिक मुनि के गले में डाल कर चले गए। अपने पिता के गले में मृत सर्प को देख मुनि के पुत्र ने श्राप दे दिया कि जिस किसी ने भी मेरे पिता के गले में मृत सर्प डाला है। उसकी मृत्यु सात दिनों के अंदर सांप के डसने से हो जाएगी।

आगे विस्तार करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान की कथा है। और उसे जीवन में आत्मसात करने की कथा है। कथा अवसर पर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, जगमोहन सिंह ठाकुर, भानुप्रताप सिंह, सीमा सिंह, मनमोहन सिंह, सुषमा सिहं, दीप नारायण सिंह, उषा ठाकुर, रामनारायण सिंह, दिनेश सिंह, आशा सिंह, नीलेश सिंह, हरण सिंह, परमेश्वर सिंह, संजू सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, युवराज सिंह, जय नारायण सिंह, हर्षु सिंह, आदित्य सिंह, विश्वप्रताप सिंह, मीनाक्षी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संकुलवार सेवा पुस्तिका का किया जा रहा संधारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की मांग पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी तखतपुर द्वारा संकुलवार सेवा पुस्तिका का संधारण किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिन गनियारी, भरारी, भाडम, नेवरा, गोकुलपुर, खरगहना, सकरी संकुल के शिक्षकों की सेवापुस्तिका का संधारण किया गया।

■ पहले दिन गनियारी, भरारी, भाडम, नेवरा, खरगहना के नाम रहा

इसी प्रकार 14 मई को चनाडोंगरी, काठाकोनी, कुरेली, लखासार, खमहरिया, उसलापुर, निरतु , घुटकू, 15 मई को बेलपान, पोडिकला, देवतरा, दैजा, बीजा लिम्हा, भरनी, लोखंडी, 16 मई को बांधा, पाली, जूनापारा, रानीडेरा, राजपुर, भकुर्रा नवापारा, मेंड्रा, 17 मई को सकर्रा, सैदा, मुरु, खरकेना, छतौना, मोछ, कोडापुरी, पोंडी, 20 मई को पडरिया, पुरेना, तखतपुर1, तखतपुर 2, जरौंधा, गुनसरी, खपरी संकुल के शिक्षकों के सेवा पुस्तिका का संधारण किया जाएगा। इसी तारतम्य में 13 से 20 मई तक संकुलवार तिथियों का निर्धारण कर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मांग किया कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में पिछले सत्र जिन शिक्षकों ने ड्यूटी किया है सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि किया जाए। इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारी मनोज पवार, जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह श्रीनेत, ब्लाक अध्यक्ष विजय जाटवर, रामभुवन यादव, सन्नीदेवल मंडावी, संदीप ठाकुर, अशोक क्षत्री, सुभाष देवांगन, आलोक बाजपेई, राजेश उपाध्याय, एपीएस पवार, मनोज भोई, अभिषेक कौशिक, धनंजय रजक सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## यूपी के गैंगस्टर दो दिन की पुलिस रिमांड पर आरोपियों पर यूपी में चार संगीन मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


पंचर, वेल्डिंग दुकान की आड़ में मवेशी व गांजा की कर रहे थे तस्करी

यूपी के गैंगस्टर, खूंखार अपराधी सहित 10 गिरफ्तार, पिस्टल, जिंदा कारतूस जब्त

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

हथियारों के जखीरा के साथ पकड़े गए यूपी के गैंगस्टर को पुलिस ने दो दिन के पुलिस रिमांड में लिया गया है। वहीं अन्य 9 साथियों को जेल भेज दिया गया है। आरोपी से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस को संदेह है कि उसके सिर पर यूपी के बड़े खूंखार अपराधी का हाथ है। उसके इशारे पर वह यहां विगत चार साल से मवेशी व गांजा की तस्करी कर रहा था।

हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया, रविवार को मवेशी व गांजा तस्करी करने वाले 10 आरोपियों को हथियार के जखीरा के साथ पकड़ने के लिए कोर्ट में पेश किया गया। मुख्य आरोपी यूपी के गैंगस्टर जब्बार गौरी पिता मोहम्मद समीम 30 साल सडगोदली जनकुपरी सहारनपुर यूपी को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते गैंगस्टर को दो दिन रिमांड में पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं अन्य 9 लोगों को जेल भेज दिया गया है। टीआई श्री केंवट ने बताया, आरोपी जब्बर से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उसे भारी संख्या में अवैध हथियार किसने उपलब्ध कराया था। वह किसके संरक्षण में यहां विगत चार साल से मवेशी व गांजा की तस्करी कर रहा था। इसके साथ और भी कितने स्थानीय लोग मिलकर तस्करी के काम कर रहे थे। पूर्व में इसके द्वारा कोई वारदात तो नहीं की गई है। आरोपी जब्बार के खिलाफ यूपी में डैकती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर के मामले दर्ज है। वह यूपी का खूंखार आरोपी है। उसके पीछे कौन खूंखार आरोपी है। बहरहाल पुलिस उससे पूछताछ करने में लगी हुई है।

### आरक्षक का नाम हटा दिया गया था

सूत्रों के मुताबिक, मवेशी तस्करों को संरक्षण देने के आरोप में निलंबित हुए आरक्षक बबलू बंजारे पायलेटिंग की तर्ज पर पुलिस गाड़ी से मवेशी गाड़ियों को जिले से बाहर कराता था। पूर्व में उसके खिलाफ सकरी थाने में अपराध कायम किया गया था। बाद में उक्त आरक्षक का नाम मामले से हटा दिया गया था। एक बड़े अधिकारी का संरक्षण होने से वह जिले में बेखौफ तस्करों से सांठगाठ कर मवेशी तस्करी करा रहा था।

## अटल आवास से नशीले इंजेक्शन बेचते दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार



**बिलासपुर।** 4 दिन पूर्व नशेड़ी युवकों के द्वारा महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए उत्पात मचाने के बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगाम कसना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में सक्रिय होकर नशीली दवा बेचने वाले दो नाबालिग सहित तीन युवकों को पकड़कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। 9 मई की रात अशोकनगर अटल आवास में नशेड़ी युवकों ने जमकर उत्पात मचाते हुए घर में घुसकर महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की गई थी। उसके बाद नवपदस्थ टीआई तोपसिंह नवरंग ने क्षेत्र में गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया है। रविवार को नशीले इंजेक्शन बेचने की मुखबिर की सूचना पर श्री नवरंग ने स्टाफ के साथ अटल आवास में दबिश देकर घेराबंदी करते हुए अटल आवास निवासी नन्हे सोनी पिता रमेश सोनी 21 साल व दो नाबालिग को पकड़ लिया। उनके पास से 375 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने 21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत इंजेक्शन जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### फरसा लहराते बदमाश गिरफ्तार

सरकण्डा पुलिस को शिकायत मिली अशोकनगर डीएलएस कालेज के पास एक व्यक्ति फरसा रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर अशोकनगर मुरूम खदान निवासी तौसिफ खान उर्फ गुल्ला पिता सादिक खान 19 साल को पकड़कर फरसा बरामद कर लिया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### बालिकाओं को किया गया समर्थ व सशक्त बनाने प्रशिक्षित

## गायत्री परिवार ने लगाया तीन दिवसीय कन्या कौशल शिविर

**पेंड्रा।** कन्याओं में व्यक्तित्व निर्माण, भारतीय संस्कृति व संस्कार को गढ़ने के उद्देश्य से गायत्री परिवार जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के सभी गायत्री परिजनों द्वारा तीन दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण कन्या कौशल शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लड़कियों को समर्थ, सशक्त, सुसंस्कृत एवं विवेकवान नारी के रूप में प्रशिक्षित करना है।

शिविर के आयोजकों और प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक माता-पिता चाहते हैं कि उनकी कन्या सुशील होने के साथ ही परिवार संचालन में दक्ष व समाज में माता-पिता का गौरव बने। वह जहां जाए अपने स्वभाव संस्कार और कौशल से सबको प्रभावित कर सके। वह शारीरिक रूप से स्वस्थ, तंदुरुस्त और मानसिक रूप से मजबूत, सेवाभावी,



शिविर में शामिल बालिकाएं व प्रशिक्षक।

स्वावलंबन गुणों से युक्त हो। ऐसी कन्या 10 पुत्रों पर भी भारी हो सकती है। माता-पिता चाहे तो उनकी कन्या शकुंतला, गार्गी, कल्पना चावला, अरुणिमा सिन्हा, हिमा दास, सरोजिनी नायडू, सिस्टर निवेदिता और मैथिली ठाकुर जैसी प्रतिभाशाली, अनुशासित, साहसी, दोनों कुलों का उद्धार करने वाली बन सकती है। परंतु आज लड़कियां कई कारणों से विडंबनाओं के चक्रव्यूह में फंसी हुई है। इस शिविर में पेंड्रा सहित आसपास की अनेक लड़कियां शामिल हो रही है। प्रथम दिन शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों की टोली में कु. सुमन साहू, श्रीमती स्वेता दुबे, कु. मीना ध्रुव और श्रीमती शशि पैकरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षार्थियों को शिविर के उद्देश्य की जानकारी दिया गया। द्वितीय दिवस कन्या जीवन में तनाव, कारण व निवारण, युग ऋषि का परिचय व दीप यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया। अंतिम दिन परिवार निर्माण में नारी की भूमिका, गर्भ संस्कार का विज्ञान, प्रशिक्षार्थियों का संगठन निर्माण कर सभी को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

## अपर संचालक ने दुर्गावती कालेज का किया औचक निरीक्षण




**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** छत्तीसगढ़ के समस्त महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के क्रम में आज वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही का अपर संचालक डॉ.प्रवीण पांडेय के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जांच टीम ने महाविद्यालय में सुधार हेतु सुझाव और मार्गदर्शन दिए। जांच में सभी रिकॉर्ड दुरुस्त पाया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ.बीएस पोर्ते आदिवासी महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण साहू, विरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही के प्राचार्य लोक सिंह व सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।